# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## कार्यवृत्त–2026–01

दिनांक 27 फरवरी, 2026, को अपराह्न 04:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेण्टर फॉर एकेडमिक्स भवन में कार्य परिषद की 2026/01वीं ऑफलाइन/ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो० विनय कुमार पाठक,**<br>कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी,**<br>प्रति–कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्य |
| 3. | **डॉ0 राजेश प्रकाश,**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | **प्रो० आरती सक्सेना,**<br>संकायाध्यक्ष–साइंस, ए0एन0डी0एन0एन0एम0 कालेज, कानपुर। | सदस्या |
| 5. | **डॉ0 विशाल अवस्थी,**<br>संकायाध्यक्ष–इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी। | सदस्य |
| 6. | **प्रो० संदीप कुमार सिंह,** आचार्य,<br>लाइफ लॉग लर्निंग एण्ड एक्सटेंशन विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 7. | **प्रो० रोली शर्मा,** आचार्या,<br>लाइफ सांइस विभाग, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्या |
| 8. | **डॉ० महेन्द्र सिंह,**<br>प्राचार्य, के0के0 कालेज, इटावा | सदस्य |
| 9. | **डॉ0 पूनम विज,**<br>प्राचार्य, कानपुर विद्या मन्दिर गर्ल्स कॉलेज, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | **डॉ० जयवीर सिंह,**<br>प्राचार्य, नेहरू कालेज छिबरामऊ, कन्नौज। | सदस्य |
| 11. | **डॉ0 मृदुलेश सिंह,**<br>सह–आचार्य, एस०बी०एम०, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्य |
| 12. | **डॉ० प्रभात कुमार द्विवेदी,** सह–आचार्य,<br>सह–आचार्य, एस०बी०एम०, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर। | सदस्य |
| 13. | **डॉ० गोपाल सिंह,** सहायक आचार्य,<br>शिक्षा विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 14. | **डॉ० पुष्पा ममोरिया,** सह–आचार्या,<br>यू०आई०ई०टी०, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्या |
| 15. | **डॉ0 अनुराग सक्सेना, आचार्य,**<br>डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | **डा० मंजू लता द्विवेदी,** सह–आचार्या,<br>इकोनॉमिक्स, वी०एस०एस०डी० कालेज, नवाबगंज कानपुर। | सदस्या |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | **श्री अशोक कुमार त्रिपाठी,**<br>वित्त अधिकारी, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | **श्री राकेश कुमार,**<br>कुलसचिव / परीक्षा नियत्रंक, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | **श्री राकेश कुमार मिश्र,**<br>कुलसचिव, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर। | सचिव |

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा मा0 कार्य परिषद में नवनियुक्त सदस्यों, डॉ0 विशाल अवस्थी, संकायाध्यक्ष –इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, डॉ0 पूनम विज, प्राचार्य, कानपुर विद्या मन्दिर गर्ल्स कॉलेज, कानपुर तथा उपस्थित माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा कार्यकाल समाप्त कर चुके सदस्य प्रो0 विनोद शंकर त्रिपाठी एवं डॉ0 मनोज गर्ग को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात् मा0 कुलपति जी (अध्यक्ष कार्यपरिषद) की अनुमति से कार्यपरिषद की बैठक आरम्भ की गयीः–

| मद सख्या | विषय |
|---|---|
| 2026–1.1 | **कार्य परिषद की बैठक दिनांक 04.09.2025, 27.09.2025 एवं 19.12.2025 में लिये गये निर्णयों की सम्पुष्टि पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 04.09.2025, 27.09.2025 एवं 19.12.2025 में लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |
| 2026–1.2 | **कार्य परिषद की बैठक दिनांक 04.09.2025, 27.09.2025 एवं 19.12.2025 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सम्पुष्टि पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 04.09.2025, 27.09.2025 एवं 19.12.2025 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर सर्वसम्मति से सम्पुष्टि प्रदान करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)* |
| 2026–1.3 | **भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 20.05.2025, 30.12.2025 एवं 21.02. 2026 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 20.05.2025, 30.12.2025 एवं 21.02.2026 मे लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सहायक अभियंता (सिविल))* |
| 2026–1.4 | **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.02.2026 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 21.02.2026 मे लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक)* |
| 2026–1.5 | **एकेडमिक काउन्सिल की बैठक दिनांक 26.02.2026 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए एकेडमिक काउन्सिल की बैठक दिनांक 26.02.2026 मे लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–डीन एकेडमिक्स)* |

| | |
|---|---|
| 2026–1.6 | **वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.02.2026 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए वित्त समिति की बैठक दिनांक 26.02.2026 मे लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–वित्त अधिकारी)* |
| 2026–1.7 | **विश्वविद्यालयों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न शैक्षिक/शिक्षणेत्तर पदों के सम्बन्ध में मानक से सम्बन्धित शासनादेश संख्या–75/2025/1066/सत्तर–4–2025–70–4099/63/2025 दिनांक 09.10.2025 अंगीकृत किये जाने पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए विश्वविद्यालयों में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न शैक्षिक/शिक्षणेत्तर पदों के सम्बन्ध में मानक से सम्बन्धित शासनादेश संख्या– 75/2025/1066/सत्तर–4–2025–70–4099/63/2025 दिनांक 09.10.2025 को सर्वसम्मति से अंगीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रभारी स्ववित्तपोषित विभाग)* |
| 2026–1.8 | **विश्वविद्यालय के विभिन्न स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर चयन समिति की दिनांक 17.12.2024, 18.12.2024, 08.05.2024, 04. 07.2025, 05.07.2025, 07.07.2025, 28.07.2025, 01.09.2025, 02.09.2025 25. 10.2025 एवं 09.02.2026 की संस्तुतियों में की गयी नियुक्तियों की संकलित सूचना माननीय कार्यपरिषद के संसूचनार्थ।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय के विभिन्न स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर चयन समिति की दिनांक 17.12.2024, 18.12.2024, 08.05.2024, 04.07.2025, 05.07.2025, 07.07.2025, 28.07.2025, 01.09. 2025, 02.09.2025 25.10.2025 एवं 09.02.2026 की संस्तुतियों में की गयी नियुक्तियों की संकलित सूचना से परिषद संसूचति हुई एवं परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–प्रभारी स्ववित्तपोषित विभाग)* |
| 2026–1.9 | **श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, सहायक अभियन्ता के स्थायीकरण सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, सहायक अभियन्ता (सिविल) का स्थायीकरण किये जाने का सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सामान्य प्रशासन विभाग)* |
| 2026–1.10 | **शासनादेश संख्या– 82/2025/1168/सत्तर–4–2025–70 –4099/23/2023 दिनांक 18.09.2025 द्वारा कुल 44 पदों के सृजन के उपरान्त आदेशानुसार गठित रोस्टर समिति द्वारा तैयार किये गये आरक्षण रोस्टर एवं निर्धारित की गयी रिक्तियों एवं समिति की संस्तुति के क्रम में शैक्षणिक पदों पर भर्ती से सम्बन्धित विज्ञापन संख्याः–CSJMU/Gen.Admin/08/01-Teaching/2026 Dated 13-01-2026 and Corrigendum Ref. No.-CSJMU/ Gen.Admin/32/01-Teaching/2026 Dated 24-01-2026 माननीय कार्य परिषद के संसूचनार्थ एवं कार्योत्तर अनुमोदनार्थ।** |

| | |
|---|---|
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए शासनादेश संख्या– 82/2025/1168/सत्तर–4–2025–70 –4099/23/2023 दिनांक 18.09.2025 द्वारा कुल 44 पदों के सृजन के उपरान्त आदेशानुसार गठित रोस्टर समिति द्वारा तैयार किये गये आरक्षण रोस्टर एवं निर्धारित की गयी रिक्तियों एवं समिति की संस्तुति के क्रम में शैक्षणिक पदों पर भर्ती से सम्बन्धित विज्ञापन संख्याः–CSJMU/Gen.Admin/08/01-Teaching/2026 Dated 13-01-2026 and Corrigendum Ref. No.-CSJMU/ Gen.Admin/32/01-Teaching/2026 Dated 24-01-2026 से संसूचित होते हुए सर्वसम्मति से कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सामान्य प्रशासन विभाग)* |
| **2026–1.11** | **डा0 प्रमोद कुमार सहायक आचार्य (निलम्बित) अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज को आवंटित ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में की गयी कथित अनियमितता सम्बन्धी प्रकरण पर प्रचलित अनुशासनिक जांच की अद्यतन स्थिति माननीय कार्यपरिषद के संसूचनार्थ प्रस्तुत।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए डा0 प्रमोद कुमार सहायक आचार्य (निलम्बित) अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज को आवंटित ऑनलाइन उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में की गयी कथित अनियमितता सम्बन्धी प्रकरण पर प्रचलित अनुशासनिक जांच की अद्यतन स्थिति से संसूचित होते हुए अनुशासनिक समिति की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण पर निर्णय लेने हेतु सर्वसम्मति से मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सामान्य प्रशासन विभाग)* |
| **2026–1.12** | **डा0 पंकज द्विवेदी सह–आचार्य (निलम्बित) अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा सत्र 2024–25 के सम सख्यंक सेमेस्टर में 2023–25 के छात्रों के परीक्षा की शुचिता से समझौता कर अनुचित लाभ पहुचाने की कथित अनियमितता सम्बन्धी प्रकरण पर प्रचलित अनुशासनिक जांच की अद्यतन स्थिति माननीय कार्यपरिषद के संसूचनार्थ प्रस्तुत।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए डा0 पंकज द्विवेदी सह–आचार्य (निलम्बित) अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा सत्र 2024–25 के सम सख्यंक सेमेस्टर में 2023–25 के छात्रों के परीक्षा की शुचिता से समझौता कर अनुचित लाभ पहुचाने की कथित अनियमितता सम्बन्धी प्रकरण पर प्रचलित अनुशासनिक जांच की अद्यतन स्थिति से संसूचित होते हुए अनुशासनिक समिति की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण पर निर्णय लेने हेतु सर्वसम्मति से मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सामान्य प्रशासन विभाग)* |
| **2026–1.13** | **आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ द्वारा अपने अधिदेश में निर्धारित उन्नत शैक्षणिक संस्थान एवं शैक्षिक उदद्श्यों की पूर्ण प्राप्ति हेतु विशिष्टि एवं पूर्ण विकसित अवसंरचना हेतु भूखण्ड की मांग व पीठ के चेयरमैन श्री प्रदीप जैन द्वारा अपने पत्र दिनांक 13.10.2025 में इस हेतु रूपयें चार करोड़ की धनराशि निवेश किये जाने हेतु प्राप्त प्रस्ताव माननीय कार्यपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए प्रकरण पर यह निर्णय लिया गया कि आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षा विभाग के सामने (मुख्य पार्किंग के समानान्तर) स्थित चिह्नित भूमि पर भवन निर्माण किया जायेगा एवं निर्माणोंपरान्त इस निर्मित भवन का प्रयोग पीठ द्वारा मात्र अनुसंधान एवं शैक्षिक गतिविधियों का संचालन करने हेतु नियमानुसार पाठ्यक्रम संचालित रहने तक किया |

| | |
|---|---|
| | जायेगा और इस निमित्त विद्युत, स्वच्छता, जल, इण्टरनेट एवं अन्य उपयोगिताओं से सम्बन्धित शुल्क शोध पीठ द्वारा वहन किया जायेगा। पाठ्यक्रम संचालन की अवधि में शोधपीठ पर विश्वविद्यालय अधिनियम/परिनियम/अध्यादेश एवं अन्य नियामक संस्थाओं के नियम लागू होंगे। शोधपीठ के नहीं रहने के पश्चात् निर्मित भवन एवं उसकी समस्त परिसम्पत्तियां विश्वविद्यालय में स्वतः निहित हो जायेंगी। भूमि एवं निर्मित भवन का स्वामित्व प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय के पास ही रहेगा और विश्वविद्यालय उसे अपने प्रयोजनों हेतु भी प्रयोग करेगा। शोध पीठ के पक्ष में भूमि एवं उस पर निर्मित भवन पर कोई अधिकार, शीर्षक अथवा हित सृजित नही होगा। भवन निर्माण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय पर कोई वित्तीय दायित्व नही होगा।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सहायक अभियंता (सिविल))* |
| **2026–1.14** | **विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर संवर्ग में निलम्बित कर्मचारियों के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति माननीय कार्यपरिषद के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत।** |
| | कार्य परिषद द्वारा सम्यक् चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर संवर्ग में निलम्बित कर्मचारियों के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति से संसूचित होते हुए प्रकरण पर वांछित कार्यवाही दिनांक 15 अप्रैल, 2026 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–उप–कुलसचिव (प्रशासन))* |

| | |
|---|---|
| | **अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।** |
| **अ0बि0–01** | **डॉ0 राजेश कुमार, सह–आचार्य स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बॉयोटेक विभाग, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर की कार्यपरिषद की सदस्यता पर विचार।** |
| | कार्य परिषद द्वारा डॉ0 राजेश कुमार, सह–आचार्य स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बॉयोटेक विभाग, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर के CAS Promotion का प्रकरण मा0 कुलाधिपति कार्यालय में लम्बित होने की दशा में हितो के टकराव के दृष्टिगत जब तक इनके प्रकरण का निस्तारण नहीं हो जाता है तब तक के लिए इनकी सदस्यता निलम्बित रखते हुए इनके स्थान प्रो0 नीरज कुमार सिंह, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट को कार्यपरिषद का सदस्य नामित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।<br>*(अपेक्षित कार्यवाही–सामान्य प्रशासन विभाग)* |

*अन्त में कुलसचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।*

***(राकेश कुमार मिश्र)***
*कुल सचिव/सचिव*

***प्रो०(विनय कुमार पाठक)***
*कुलपति/अध्यक्ष*

***कार्यालय पत्रांकः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सा.प्रशा./........115........../2026, दिनांक 27.02.2026***

*प्रतिलिपिः*
1. *मा0 सदस्यगण–कार्यपरिषद की सेवा में सादर सूचनार्थ।*
2. *वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।*
3. *सम्बन्धित पत्रावली।*

***(राकेश कुमार)***
*कुल सचिव/सचिव*